भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. 66

सोमवार, 25 नवम्बर, 2024/4 अग्रहायण, 1946 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

पौराणिक धरोहरों का संरक्षण

66. श्री विष्णु दयाल राम:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या पौराणिक धरोहरों को संरक्षित करने तथा उन्हें पर्यटन स्थलों के रूप में विकसित करने की सरकार की कोई योजना है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) झारखंड में सभी पर्यटन स्थलों के रखरखाव, सौंदर्यीकरण तथा विकास के लिए आवंटित धनराशि का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) से (ग): पर्यटन मंत्रालय 'तीर्थ स्थल जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक, विरासत संवर्धन अभियान' (प्रशाद) नामक अपनी योजना के तहत पूर्व-चिह्नित तीर्थ स्थलों/विरासत वाले शहरों में पर्यटन अवसंरचना के विकास के लिए राज्य सरकारों और संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है।

पर्यटन मंत्रालय ने अपनी प्रशाद योजना के तहत 46 परियोजनाओं को मंजूरी दी है। मंत्रालय ने झारखंड में अपनी प्रशाद योजना के तहत 36.79 करोड़ रुपये की लागत से 'बाबा बैद्यनाथ धाम का विकास' नामक एक परियोजना को मंजूरी दी है।

इसके अतिरिक्त, स्वदेश दर्शन योजना के तहत, मंत्रालय ने झारखंड में 30.44 करोड़ रुपये की लागत से 'इको पर्यटन परिपथ का विकास: दलमा-बेतला राष्ट्रीय उद्यान- मिरचैया-नेतरहाट' नामक एक परियोजना को मंजूरी दी है और झारखंड राज्य में स्वदेश दर्शन 2.0 के तहत चांडिल नामक एक गंतव्य की पहचान की गई है। इसके अलावा, स्वदेश दर्शन 2.0 की सीबीडीडी नामक उप-योजना के तहत 'रामरेखा धाम' नामक एक गंतव्य की पहचान की गई है। प्रशाद योजना के तहत 46 परियोजनाओं का विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

******

अनुबंध

श्री विष्णु दयाल राम द्वारा पौराणिक धरोहरों का संरक्षण के संबंध में दिनांक 25.11.2024 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. 66 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में **विवरण**

प्रशाद योजना के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण: **(करोड़ रुपए में)**

राज्य/संघ राज्यक्षेत्र	क्र. सं.	परियोजना का नाम	स्वीकृति वर्ष	अनुमोदित लागत
आंध्र प्रदेश	1	अमरावती में तीर्थयात्री सुविधाओं का विकास	2015-16	27.77
	2	श्रीशैलम मंदिर का विकास	2017-18	43.08
	3	सिंहाचलम में श्री वराह लक्ष्मी नरसिम्हा स्वामी वारी देवस्थानम में तीर्थयात्रा सुविधाओं का विकास	2022-23	54.04
अरुणाचल प्रदेश	4	परशुराम कुंड का विकास	2020-21	37.88
असम	5	कामाख्या मंदिर में तीर्थयात्रा सुविधाओं का विकास	2015-16	29.80
बिहार	6	पटना साहिब में विकास	2015-16	29.62
	7	विष्णुपद मंदिर में मूलभूत सुविधाओं का विकास	2014-15	3.63
छत्तीसगढ	8	माँ बम्लेश्वरी देवी मंदिर में तीर्थयात्रा सुविधाओं का विकास	2020-21	48.44
गुजरात	9	द्वारका का विकास	2016-17	13.08
	10	सोमनाथ में तीर्थयात्रा सुविधाओं का विकास	2016-17	45.36
	11	सोमनाथ में प्रोमेनेड का विकास	2018-19	47.12
	12	सोमनाथ गुजरात में कतार प्रबंधन परिसर के साथ तीर्थयात्री प्लाजा का विकास	2021-22	49.97
	13	अम्बाजी मंदिर में तीर्थयात्रा सुविधाओं का विकास	2022-23	50.00

हरियाणा	14	माता मनसा देवी मंदिर एवं नाडा साहेब गुरुद्वारा का विकास	2019-20	48.53
जम्मू और कश्मीर	15	हज़रतबल दरगाह का विकास	2016-17	40.46
झारखंड	16	बाबा बैद्यनाथधाम का विकास	2018-19	36.79
कर्नाटक	17	चामुंडेश्वरी देवी मंदिर में तीर्थयात्रा सुविधाओं का विकास	2023-24	45.71
केरल	18	गुरुवयूर मंदिर का विकास	2016-17	45.19
मध्य प्रदेश	19	अमरकंटक का विकास	2020-21	49.99
	20	ओंकारेश्वर का विकास	2017-18	43.93
महाराष्ट्र	21	त्र्यंबकेश्वर का विकास	2017-18	42.18
मेघालय	22	नोंगस्वालिया चर्च, नार्तियांग शक्ति पीठ, ऐटनार पूल और चरणतला काली मंदिर में तीर्थयात्रा सुविधा का विकास	2020-21	29.29
मिजोरम	23	चितेवांग, जुआंगताई, रीएक और आइजोल में तीर्थयात्रा एवं विरासत पर्यटन के लिए अवसंरचना का विकास	2022-23	44.89
नगालैंड	24	मोलुंगकिमोंग , नोक्सेन चर्च, ऐज़ुटो , वोखा और कोहिमा में तीर्थयात्रा अवसंरचना का विकास	2018-19	25.20
	25	जुन्हेबोटो में तीर्थ संबंधी पर्यटन अवसंरचना का विकास	2022-23	18.18
ओडिशा	26	पुरी में अवसंरचना का विकास	2014-15	50.00
पंजाब	27	अमृतसर में करुणासागर वाल्मीकि स्थल का विकास	2015-16	6.40
	28	चमकौर साहिब का विकास	2021-22	31.57
राजस्थान	29	पुष्कर /अजमेर का एकीकृत विकास	2015-16	32.64
सिक्किम	30	युक्सोम के फोर पैट्रॅन सेंट्स में तीर्थयात्रा सुविधा का विकास	2020-21	33.32
तमिलनाडु	31	कांचीपुरम का विकास	2016-17	13.99
	32	वेलंकन्नि का विकास	2016-17	4.86
तेलंगाना	33	जोगुलाम्बा देवी मंदिर का विकास	2020-21	38.90
	34	रुद्रेश्वर में रामप्पा मंदिर में तीर्थयात्रा	2022-23	62.00

		और विरासत पर्यटन अवसंरचना का विकास		
	35	भद्राचलम में तीर्थयात्रा अवसंरचना का विकास	2022-23	41.38
त्रिपुरा	36	त्रिपुर सुंदरी मंदिर का विकास	2020-21	34.43
उतार प्रदेश	37	वाराणसी का विकास - चरण - I	2015-16	18.73
	38	मेगा पर्यटन परिपथ के रूप में मथुरा-वृंदावन का विकास (चरण-II)	2014-15	10.98
	39	वाराणसी में नदी क्रूज पर्यटन का विकास	2017-18	9.02
	40	वृंदावन में पर्यटक सुविधा केंद्र का निर्माण	2014-15	9.36
	41	वाराणसी का विकास - चरण II	2017-18	44.60
	42	गोवर्धन में मूलभूत सुविधाओं का विकास	2018-19	37.59
उत्तराखंड	43	केदारनाथ का एकीकृत विकास	2015-16	34.77
	44	बद्रीनाथ जी धाम में तीर्थयात्रा सुविधा के लिए अवसंरचना का विकास	2018-19	56.15
	45	गंगोत्री और यमुनोत्री धाम में तीर्थयात्रा संबंधी मूलभूत सुविधाओं का विस्तार	2021-22	54.36
पश्चिम बंगाल	46	बेलूर मठ का विकास	2016-17	30.03
कुल				**1605.20**

****